आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- 56वीं जीएसटी परिषद बैठक के अनुसार द्वीप समूह में 22 सितंबर से वस्तु एवं सेवा कर में परिवर्तन लागू हो गए हैं।
- "दिल्ली से द्वीप" के तहत भर्ती कार्यालय चेन्नई मुख्यालय की ओर से अक्टूबर में एक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा।
- 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत द्वीपों के विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है।
- समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत, डिगलीपुर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक शिक्षण सामग्री पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

56वीं जीएसटी परिषद बैठक के अनुसार द्वीप समूह में 22 सितंबर से वस्तु एवं सेवा कर में परिवर्तन लागू हो गए हैं। इसके तहत व्यक्तिगत जीवन बीमा पॉलिसियों, वर्तमान 4–स्तरीय कर दर संरचना, दैनिक और अन्य घरेलू सामानों पर जीएसटी 5 प्रतिशत, दूध, छेना या पनीर पर जीएसटी शून्य, पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर जीएसटी 5 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स और मोटर वाहन पर 18 प्रतिशत, कृषि वस्तुओं पर 5 प्रतिशत, हस्तशिल्प, संगमरमर और ट्रैवर्टीन ब्लॉक, ग्रेनाइट ब्लॉक, और चमड़े के सामान पर 5 प्रतिशत, सीमेंट पर 18 प्रतिशत, 33 जीवनरक्षक दवाओं और दवाओं पर शून्य, अन्य सभी दवाओं और औषधियों पर जीएसटी 5 प्रतिशत, मानव निर्मित वस्त्र 5 प्रतिशत, उर्वरक 5 प्रतिशत, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण 5 प्रतिशत, 7,500 रुपये प्रति दिन या उसके बराबर मूल्य वाली "होटल आवास" सेवा 5 प्रतिशत और सौंदर्य और शारीरिक स्वास्थ्य सेवाओं पर जी एस टी 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सभी व्यवसायों को इन दरों का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा गया है। आम जनता कार्यान्वयन से संबंधित उल्लंघन या किसी स्पष्टीकरण के संबंध में शिकायत व्हाट्सएप नंबर 9595359698 पर दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जीएसटी सुधार 22 सितंबर से लागू हो चुके हैं।

नए सुधारों के अंतर्गत, जीएसटी परिषद ने 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना को अब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में बदल दिया है। एक रिपोर्ट–

<><><><><><><>

"दिल्ली से द्वीप" के तहत भर्ती कार्यालय चेन्नई मुख्यालय की ओर से अक्टूबर में एक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इसमें अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के अग्निवीर पुरूष और महिला उम्मीदवारों के लिए भर्ती वर्ष 2025–26 के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह रैली मध्योत्तर अंडमान तथा दक्षिण अंडमान जिलों के उम्मीदवारों के लिए 08 से 10 अक्टूबर तक नेताजी स्टेडियम में जबकि निकोबार जिले के उम्मीदवारों के लिए 14 और 15 अक्टूबर को कैंपबेल बे के मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में रैली का आयोजन किया जाएगा। उम्मीदवारों को www.joinindianarmy.nic.in पर अपलोड की गई संबंधित रैली अधिसूचना में सूचीबद्ध सभी दस्तावेज़ लाना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को पात्रता मानदंडों के अनुसार रैली के लिए द्वीपसमूह से पंजीकृत और शॉर्टलिस्ट किया गया है। प्रवेश पत्र अगस्त माह में जारी किए जा चुके हैं। किसी भी तरह के स्पष्टीकरण और सहायता के लिए उम्मीदवार फोर्ट सेंट जॉर्ज कॉम्प्लेक्स स्थित भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), चेन्नई से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत आज श्री विजयपुरम मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए स्वरचित हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता राजभाषा विभाग के हिन्दी टंकण केन्द्र में सुबह दस बजे से आयोजित होगा।

<><><><><><><>

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालय, सिप्पीघाट परिसर में एक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियाान में स्कूल के कर्मियों, छात्रों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय निवासियों सहित लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की। "स्वच्छता ही सेवा" अभियान पूरे द्वीप में 2 अक्टूबर तक राज्य, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर चलाया जा रहा है।

इस बीच, कई ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सफाई अभियान, स्वास्थ्य जाँच और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विभिन्न ग्राम पंचायतों में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। एनआईओटी और पांडिचेरी विश्वविद्यालय के सहयोग से समुद्र तट की सफाई की गई। अभियान के अंतर्गत, विभिन्न स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा लोगों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><>

समग्र शिक्षा कार्यक्रम की समावेशी शिक्षा पहल के अंतर्गत, कल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डिगलीपुर के ब्लॉक स्तरीय संसाधन कक्ष में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक शिक्षण सामग्री पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षण सामग्री और सहायक उपकरण प्रदान करना है। इस अवसर पर ब्लॉक परियोजना अधिकारी सुलोचना ने बताया कि यह पुस्तकालय केवल अभिभावकों के लिए ही नहीं है; बल्कि सभी स्कूलों के शिक्षक भी बच्चों के कल्याण के लिए इस पुस्तकालय से सामग्री उधार ले सकते हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने में समावेशी सुविधाओं के महत्व पर ज़ोर दिया।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के अंतर्गत राज्य पुस्तकालय में अब द्वीपसमूह के सभी आयु वर्ग के निवासियों को निःशुल्क सदस्यता प्रदान किया जाएगा। सभी सरकारी और पब्लिक स्कूल के छात्र राज्य पुस्तकालय के स्वतः सदस्य हैं। शिक्षा निदेशालय के इस पहल का उद्देश्य समुदाय के लोगों को पुस्तकों और शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच प्रदान करना है। नामांकन के तहत छात्रों के लिए निःशुल्क सदस्यता के लिए केवल वैध स्कूल पहचान पत्र आवश्यक है। अन्य सभी को नामांकन हेतु पता प्रमाणीकरण के लिए सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट आकार का फोटो आवश्यक है। सदस्यता के लिए पंजीकरण सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक राज्य पुस्तकालय में किया जाएगा।

<><><><><><>

विशेष न्यायाधीश नेयाज आलम ने पॉक्सो के एक मामले में नयागांव निवासी संजीब मोंडल, को 20 साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके अलावा 02 साल के अतिरिक्त कठोर कारावास और पांच हजार रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया, इस तरह के भुगतान में चूक होने पर 6 महीने के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा काटनी होगी।

पीड़िता के पुनर्वास के लिए न्यायालय ने निर्देश दिया कि पीड़िता को उसके कल्याण, देखभाल और भविष्य के समर्थन के लिए तीन लाख रुपये का मुआवज़ा प्रदान किया जाए। यह मामला राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक ए.एस. ज़िनू द्वारा चलाया गया।

<><><><><><><>

नवोदय विद्यालय समिति की ओर से जवाहर नवोदय विद्यालयों की कक्षा 9 और 11 में रिक्त सीटों को भरने के लिए ऑल इंडिया लेटरल एन्ट्री चयन परीक्षा आयोजित किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए, ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल अब 07 अक्तूबर तक खुला रहेगा। पंजीकरण एनवीएस की वेबसाइट के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। सीधा आवेदन लिंक cbseitms.nic.in पर उपलब्ध है। दोनों कक्षाओं के लिए चयन परीक्षा आगामी 07 फरवरी, को आयोजित होगी।

<><><><><><><>